# फाइल नहीं, जमीन पर दिखे काम : शिवराज

- प्रधानमंत्री के निर्देशों पर एक्शन में शिवराज
- अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश



**नई दिल्ली, 22 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंत्रिपरिषद की बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक में प्रशासनिक कार्यशैली में बड़े बदलाव के संकेत दिए.**

बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी तरीके से पहुंचाना है. शिवराज ने शिकायत निवारण प्रणाली को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि किसान, गरीब और ग्रामीण नागरिकों को अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ना चाहिए. उन्होंने दोनों मंत्रालयों में अलग-अलग अधिकारियों की विशेष टीम बनाने के निर्देश दिए, जो प्रतिदिन शिकायतों, जनप्रतिनिधियों के पत्रों और पोर्टलों पर प्राप्त समस्याओं की समीक्षा करेगी.

श्री सिंह ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि केवल रिकॉर्ड में 'निपटारा' दिखाना पर्याप्त नहीं होगा. वास्तविकता में लाभार्थी तक योजना पहुंची या नहीं, इसकी भी जांच की जाएगी. शिवराज ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कई मामलों में कागजों में लाभ वितरण दिखा, लेकिन वास्तविक लाभार्थियों तक सहायता नहीं पहुंची थी. बैठक में प्रशासनिक सुधारों पर भी व्यापक चर्चा हुई. केंद्रीय मंत्री ने पुराने और जटिल नियमों को खत्म कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर जोर दिया.

उन्होंने पूछा कि हर काम के लिए लाइसेंस की आवश्यकता क्यों हो, जबकि कई प्रक्रियाएं पंजीकरण आधारित और आसान बनाई जा सकती हैं.

> बैठक में विकसित भारत 2047 विजन, राज्यों के साथ बेहतर समन्वय, योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार और सोशल मीडिया के जरिए सरकारी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने पर भी विशेष जोर दिया गया. शिवराज ने साफ कहा कि हर विभाग को सक्रिय, जवाबदेह और परिणाममुखी कार्यशैली अपनानी होगी, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन मॉडल को जमीनी स्तर तक सफल बनाया जा सके.

अधिकारियों को एक सप्ताह में सुधार योग्य बिंदुओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए. शिवराज ने एआई, डिजिटल गवर्नेंस और डेटा आधारित मॉनिटरिंग को भविष्य की प्रशासनिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया.

## पीएम मोदी से मिलने के बाद विक्रेता को धमकियां

**झाड़ग्राम, 22 मई. पश्चिम बंगाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झाड़ग्राम यात्रा और उनके स्टॉल से झालमुड़ी खाने की घटना अब एक गंभीर मुद्दे में बदल गई है. बिक्रम कुमार, जो मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं और अब अपने परिवार के साथ बंगाल में रहते हैं, 20 अप्रैल को पीएम मोदी के स्टॉल पर थे. मोदी ने उनके स्टॉल से कागज़ के पैकेट में झालमुड़ी खरीदी और बच्चों को भी खिलाई. इस दौरान पीएम मोदी और बिक्रम कुमार के बीच हंसी-मजाक और बातचीत भी हुई. प्रधानमंत्री ने उनके पढ़ाई और कमाई के बारे में भी सवाल किए, जिस पर बिक्रम ने ईमानदारी से जवाब दिया. लेकिन प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद बिक्रम कुमार और उनके परिवार की जिंदगी डर और तनाव में बदल गई. बिक्रम ने बताया कि उन्हें पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगातार फोन कॉल और वीडियो कॉल आ रहे हैं.

# दिल्ली में पीएम मोदी से मिले सुवेंदु अधिकारी

- राज्य के विकास के लिए मांगा सहयोग



**नई दिल्ली, 22 मई. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.**

मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री के साथ यह उनकी पहली आधिकारिक बैठक थी, जिसमें पश्चिम बंगाल के विकास, आर्थिक प्रगति और औद्योगिक पुनरुद्धार को लेकर चर्चा हुई.

सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करना उनके लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है. उन्होंने प्रधानमंत्री की शुभकामनाओं और पश्चिम बंगाल के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने चर्चा के दौरान 'सबका साथ, सबका विकास' के अपने विजन को दोहराया और कहा कि पश्चिम बंगाल का विकास केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है.

प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले सुवेंदु अधिकारी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात की. उन्होंने राष्ट्रपति के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता उन्हें सर्वोच्च सम्मान देती है.

> प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य को आर्थिक ठहराव से बाहर निकालने, औद्योगिक विकास को गति देने और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन का भरोसा दिया।सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार के समर्थन और जनता के विश्वास के साथ पश्चिम बंगाल में तेज विकास, पारदर्शी शासन और समग्र प्रगति के नए दौर की शुरुआत की जाएगी. उन्होंने

## कितना बचा तेल-गैस स्टॉक : केजरीवाल

- जनता की चिंता का मुद्दा सोशल मीडिया पर उठाया
- अफरा-तफरी के बीच सरकार पर भड़के अरविंद



**नई दिल्ली, 22 मई. देश में तेल और गैस की उपलब्धता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविन्द केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है.**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि देश के कई हिस्सों में चिंता और अफ़रा-तफ़री का माहौल है, लेकिन सरकार स्थिति को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी साझा नहीं कर रही. केजरीवाल ने सवाल उठाया कि आखिर सरकार यह क्यों नहीं बता रही कि देश के पास तेल और गैस का कितना भंडार मौजूद है, वह कितने दिनों तक पर्याप्त रहेगा और नई सप्लाई कब तक आने की संभावना है. उन्होंने कहा कि स्पष्ट जानकारी के अभाव में अफ़वाहें तेजी से फैल रही हैं और आम लोगों के बीच डर तथा अनिश्चितता बढ़ती जा रही है. उनके बयान के बाद सोशल मीडिया पर यह मुद्दा तेजी से चर्चा में आ गया.

# एवरेस्ट के शिखर पर गूंजा वंदे मातरम्

- बीएसएफ की महिला टीम को अमित शाह का सलाम



**नई दिल्ली, 22 मई. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'मिशन वंदे मातरम' के तहत माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले महिला माउंट एवरेस्ट अभियान टीम को सैल्यूट किया है. उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ने बीएसएफ की अजेय ताकत को साबित किया.**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नारी शक्ति ने बीएसएफ की अजेय ताकत को साबित किया. बीएसएफ की सभी महिला माउंटेनियरिंग टीम को मेरी हार्दिक बधाई, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर इतिहास रचा. फोर्स की डायमंड जुबली मनाते हुए उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर फतह हासिल की और 'वंदे मातरम' गाया, जिससे देशभक्ति और लगन की एक अनोखी मिसाल कायम हुई. टीम के सभी सदस्यों को मेरा सैल्यूट. अतुलनीय साहस और दृढ़ संकल्प के साथ दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ते हुए बीएसएफ की पहली पूर्ण-महिला माउंट एवरेस्ट अभियान टीम ने इतिहास रचा है.

बीएसएफ की इस महिला टीम में लद्दाख की कांस्टेबल कौसर फातिमा, पश्चिम बंगाल की कांस्टेबल मुनमुन घोष, उत्तराखंड की कांस्टेबल रबेका सिंह और कारगिल की कांस्टेबल त्सेरिंग चोरोल शामिल थीं.

# समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता



**गोरखपुर, 22 मई. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है.**

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए. किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए. उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया.

> गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही.गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले. गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया. कार्यकर्ताओं को भीषण गर्मी के मौसम में गोवंश की देखभाल के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए. मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने परिजनों के साथ आए बच्चों से मिलकर उन्हें आशीर्वाद दिया.

# कोलकाता से मुर्शिदाबाद तक ईडी के छापे



**कोलकाता, 22 मई. पश्चिम बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई. कोलकाता और मुर्शिदाबाद में करोड़ों रुपये की आलीशान संपत्तियों पर ईडी ने छापेमारी की, जिन्हें स्थानीय स्तर पर 'व्हाइट हाउस' के नाम से जाना जाता है.**

जांच एजेंसियों को संदेह है कि इन भव्य इमारतों का निर्माण अवैध धन और कथित काली कमाई के जरिए किया गया है. ईडी की टीम सुबह से ही कई ठिकानों पर पहुंची और घंटों तक तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, बैंकिंग रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वित्तीय लेन-देन के सबूत खंगाले गए. अधिकारियों का मानना है कि इन संपत्तियों के पीछे बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग का नेटवर्क हो सकता है.

जांच एजेंसियों को कुछ ऐसे वित्तीय लेन-देन की जानकारी मिली थी, जिनमें आय से अधिक संपत्ति और संदिग्ध निवेश के संकेत दिखाई दिए. ईडी ने कार्रवाई को अंजाम दिया. छापेमारी के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए गए थे ताकि किसी तरह की बाधा न उत्पन्न हो.

> बंगाल में पिछले कुछ समय से केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई लगातार चर्चा में रही है. शिक्षक भर्ती घोटाला, अवैध कोयला कारोबार और वित्तीय अनियमितताओं जैसे मामलों के बाद अब यह नया मामला भी सुर्खियों में आ गया है.

# ईटली का ध्यान बीजिंग से नई दिल्ली शिफ्ट

- पीएम मोदी-मेलोनी ने सेट की चीन की फील्डिंग
- चीन को बड़ा झटका : 'द ग्रेट इटली डिवोर्स'

**नई दिल्ली, 22 मई. दुनिया 'मेलोडी-मेलोडी' के मीम्स में डूबी रही, सोशल मीडिया पर रील्स बनती रहीं. इसी शोर-शराबे के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने मिलकर पर्दे के पीछे एक बड़ा खेल कर दिया.**

जिसके बाद चीन की फील्डिंग सेट हो गई है. पीएम मोदी के इटली दौरे पर कई बड़ी डील हुई हैं लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ है, जिसके बाद जिनपिंग को सदमा लग सकता है. हालांकि, चीन को इस झटके की शुरुआत काफी पहले ही हो गई थी, जिसे कूटनीतिक भाषा में 'ग्रेट इटली डिवोर्स' कहा जाता है. चीन, कई देशों को कर्ज के जाल में फंसाकर मनमाने काम करवाता है. चीन को ठेंगा दिखाने के बाद अब इटली को एशिया में एक ऐसे मजबूत और भरोसेमंद आर्थिक पार्टनर की जरूरत थी, जो चीन की जगह ले सके.

ऐसे में एंट्री हुई 'न्यू इंडिया' की. मेलोनी और मोदी की ये शानदार केमिस्ट्री दुनिया को एक सीधा संदेश है कि इटली अब अपनी पूरी एशियाई रणनीति को बीजिंग से हटाकर नई दिल्ली पर शिफ्ट कर रहा है.

> कुछ साल पहले, इटली ने एक बड़ी गलती की थी और वो चीन के महात्वाकांक्षी 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' में शामिल होने वाला एकमात्र जी 7 देश बन गया था. इस फैसले के सालों बाद जब जॉर्जिया मेलोनी सत्ता में आईं तो उन्होंने चीन के इस कर्ज के जाल को तुरंत पहचान लिया और बीजिंग के चंगुल से इटली को आधिकारिक तौर पर बाहर निकाल लिया.

## स्मार्ट बार्डर प्रोजेक्ट से सीमाएं बनेंगी अभेद्य

**नयी दिल्ली, 22 मई. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए अगले एक वर्ष में ड्रोन, राडार, आधुनिक कैमरा और तकनीकों से लैस स्मार्ट बार्डर प्रोजेक्ट लाकर अभेद्य बॉर्डर ग्रिड बनाएगी.**

उन्होंने कहा कि सरकार का आंतरिक सुरक्षा का विजन समस्याओं को जड़ से उखाड़ फेंकना है और नक्सलवाद के बाद अब घुसपैठ को पूरी तरह समाप्त किया जायेगा. गृह मंत्री ने सीमा सुरक्षा को प्रादेशिक जिम्मेदारी करार देते हुए त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में सीमा सुरक्षा बल को जिला प्रशासनों, पुलिस थानों, पंचायत और पटवारियों के साथ मिलकर घुसपैठ रोकने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए. श्री शाह शुक्रवार को यहां सीमा सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.इस अवसर पर निदेशक, आसूचना ब्यूरो, सचिव, सीमा प्रबंधन और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. केन्द्रीय गृह मंत्री ने बल की महिला टीम के माउंट एवरेस्ट पर सफल आरोहण की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए दल के सभी सदस्यों और सीमा सुरक्षा बल के सभी जवानों को हार्दिक बधाई दी.

## क्वॉड की बैठक में अमेरिका होगा शामिल

- आगामी 26 मई को क्वॉड देशों के मध्य होगा विमर्श

**नई दिल्ली, 22 मई. क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बहुप्रतीक्षित बैठक आगामी 26 मई को यहां होगी, जिसमें शामिल होने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं.**

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि बैठक में मुक्त और खुले हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और अन्य पारस्परिक महत्व के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हाल के घटनाक्रमों पर विचार करेंगे. वक्तव्य में कहा गया है कि विदेश मंत्री जयशंकर के निमंत्रण पर सुश्री पेनी वोंग, श्री मोतेगी तथा श्री रुबियो क्वॉड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली की आधिकारिक यात्रा करेंगे. मंत्रालय ने कहा है कि सभी सदस्य देश मुक्त और खुले हिन्द-प्रशांत के लिए क्वाड की परिकल्पना के अनुरूप पिछले वर्ष एक जुलाई को वॉशिंगटन में हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाएंगे. वे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में क्वाड सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे. इसके अलावा सदस्य मौजूदा क्वाड पहलों की प्रगति की समीक्षा करेंगे, तथा हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और अन्य पारस्परिक महत्व के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हाल के घटनाक्रमों पर विचार करेंगे.

यात्रा के दौरान, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों तथा अमेरिका के विदेश मंत्री की विदेश मंत्री जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करने की भी संभावना है.

### आज का इतिहास

- 1923 – राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार अन्नाराम सुदामा का जन्म
- 1930– प्रसिद्ध भारतीय इतिहासकार तथा पुरातत्ववेत्ता राखालदास बंधोपाध्याय का निधन
- 1934– ऑटो - लाइट स्ट्राइक टोलेडो की लड़ाई समाप्त
- 1948 – यूएस कंसुल जनरल के थॉमस सी वासन की हत्या इजरायल के यरुशलेम में हुई
- 1949 – जर्मनी के संघीय गणराज्य के लिए मूल कानून घोषित किया गया
- 1951 – चीन ने एक स्वायत्त क्षेत्र के रूप में तिब्बत पर कब्जा किया.
- 1994 – सऊदी अरब में भगदड़ से 270 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हुई.




**नई दिल्ली, 22 मई.** भारत ने अफगानिस्तान के बाल टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए 20 टन महत्वपूर्ण चिकित्सा सामग्री की एक खेप काबुल भेजी. यह सामग्री मुख्य रूप से बीसीजी, टेटनस एवं डिप्थीरिया टीकों के निर्माण और रखरखाव के लिए भेजी गई है.

## ईरान को परमाणु हथियार की इजाजत नहीं



**वाशिंगटन, 22 मई.** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान को लेकर ताजा बयान जारी कयिा, जसिमें चेतावनी और बातचीत के जरिए चीजों को सुलझाना, दोनों शामलि रहे. उनकी तरफ से स्पष्ट कहा गया कि तेहरान को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं मलि सकती.

ये बयान ऐसे समय आए हैं, जब खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल सप्लाई को लेकर चिंता बनी हुई है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत जारी है. रुबियो ने भारत रवाना होने से पहले मियामी होमस्टेड एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए ईरान को चेतावनी दी कि अगर उसने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर कोई टोल या शुल्क लगाने की कोशिश की, तो यह स्वीकार नहीं किया जाएगा.

रुबियो ने कहा, हम हमेशा से कहते आए हैं कि स्ट्रेट में टोल सिस्टम बिल्कुल मंजूर नहीं होगा. उन्होंने बताया कि अमेरिका, बहरीन की ओर से प्रायोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव का समर्थन कर रहा है, जो ऐसे किसी कदम का विरोध करता है. सौ से भी ज्यादा देशों ने इसका समर्थन किया है.ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान पहुंचा है.

उन्होंने कहा कि हमने उनकी नौसेना खत्म कर दी. हमने उनकी एयर फोर्स खत्म कर दी. उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की ज्यादातर मिसाइल क्षमताएं भी खत्म हो चुकी हैं. राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार परमाणु हथियारों के मुद्दे पर लौटे और इसे अपनी सरकार की सबसे बड़ी विदेश नीति प्राथमिकता बताया. उन्होंने कहा कि हम ईरान को परमाणु हथियार नहीं रखने दे सकते. ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा हुआ तो मध्य पूर्व में परमाणु युद्ध हो सकता है, और उसका असर अमेरिका और यूरोप तक पहुंचेगा. उन्होंने कहा कि अमेरिका बातचीत जारी रखे हुए है, लेकिन जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई का विकल्प भी खुला है.

ट्रंप ने कहा कि हम या तो यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके पास परमाणु हथियार न हो, या फिर हमें बहुत बड़ा कदम उठाना पड़ेगा. रुबियो ने भी संकेत दिया कि बातचीत अभी जारी है, हालांकि नतीजे को लेकर पूरी गारंटी नहीं दी जा सकती. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हमेशा समझौते और कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं. रुबियो की बातचीत में भारत का भी जिक्र आया.

**प्रकोप** | बिहार, उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों में गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित

# भारत के 22 शहरों में पारा 47 डिग्री पार

- जम्मू-कश्मीर डोडा में बारिश ने पहुंचाई राहत



**नई दिल्ली, 22 मई. उत्तर भारत से लेकर पूर्वी राज्यों तक इस समय सूरज आग बरसा रहा है. भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है. एएक्यूआई वेदर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहर भारत में दर्ज किए गए.**

इन शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया. सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश में देखने को मिला, जहां 13 शहरों में पारा खतरनाक स्तर तक पहुंच गया. सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आया और लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हो गए. ओडिशा का बोलांगीर और बिहार का सासाराम सबसे ज्यादा गर्म शहरों में शामिल रहे. मौसम विभाग का कहना है कि गर्म हवाओं और शुष्क मौसम के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है. हालात इतने गंभीर हैं कि रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही. देश के 35 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जिससे गर्म हवाओं का असर पूरी रात बना रहा. बिहार में गर्मी का असर शिक्षा व्यवस्था पर भी दिखा. पटना और गया में प्रशासन ने 22 से 26 मई तक पांचवीं कक्षा तक के स्कूल बंद करने का फैसला लिया है. वहीं मधेपुरा और सहरसा में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत से लोगों में डर का माहौल है.

### विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताए गर्मी से बचाव के उपाय

देशभर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है.हीटवेव, उमस और तेज तपिश से लोगों का हाल-बेहाल हो रहा है. कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है.ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारें लगातार स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी जारी की. डब्ल्यूएचओ ने गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी है. लोगों को गर्मी से होने वाली बीमारियों से सतर्क रहने की सलाह दी है.

## 60 हजार किलो तस्करी की सुपारी जब्त

**नई दिल्ली 22 मई.** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की गुवाहाटी जोनल यूनिट ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 60 हजार किलोग्राम विदेशी मूल की तस्करी की सुपारी (अरेका नट) जब्त की है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि डीआरआई ने यह कार्रवाई मिजोरम और असम में अलग-अलग अभियानों के दौरान की। इन मामलों में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि विदेशी मूल की सूखी सुपारी को म्यांमार-मिजोरम सीमा के रास्ते भारत में तस्करी कर लाया गया था. पड़ोसी देश से अवैध रूप से लाई जा रही थी.

### एआई नियमों पर ट्रंप का बड़ा यू-टर्न, बड़ा फैसला

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के नियमन से जुड़े अपने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने का समारोह रद्द कर दिया है. बताया जा रहा है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि इस आदेश से अमेरिका में इस उद्योग का विकास धीमा पड़ सकता था. श्री वांग ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, कि श्री ट्रंप ने अभी-अभी अपने एसआई कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने का कार्यक्रम रद्द कर दिया है। उन्होंने